हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 अप्रैल 2024

06 जिला निर्वाचन अधिकारी ने की नाम निर्देशन ...



07 दो नाबालिग लड़कियों को भगाकर ले जा रहे एक ...





**लोकसभा क्षेत्र**
रीवा
1 भाजपा प्रत्याशी: जनार्दन मिश्रा
2 कांग्रेस प्रत्याशी: नीलम मिश्रा

**पिछली बार कौन जीता**
जनार्दन मिश्रा
जीत का अंतर: 3 लाख 12 हजार 807

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इन चुनाव में अन्य क्षेत्रों की तरह रीवा में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। इस बार यहां प्रत्याशियों का चेहरा भी महत्वपूर्ण है। बसपा अपने युवा प्रत्याशी के लिए युवाओं का समर्थन मांग रही है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों को आगे कर वोट मांग रही है। अयोध्या मुद्दा के साथ हिंदू-मुस्लिम राजनीति भी उसे मजबूत करती है। दूसरी तरफ कांग्रेस लोकतंत्र को खतरे में बता रही है। वह देश के अंदर महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। कांग्रेस का कहना है देश की जांच एजेंसिया भाजपा के पास कब्जे में हैं।

### तीन लोकसभा चुनाव जीत चुकी बसपा, भाजपा की ओर से फिर जनार्दन, कांग्रेस ने नीलम को दिया टिकट

# रीवा में खेल बिगाड़ती है बसपा, पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के ही बीच

*रीवा लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज कुछ अलग है। यहां किसी भी चुनाव में कुछ भी हो सकता है। यह प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट है, जहां बसपा तीन चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। अब भी उसे इतने वोट मिलते हैं कि वह किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है। फिलहाल यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुकाबले के आसार हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा तीसरी बार मैदान में हैं। इनकी गिनती फक्कड़ और ईमानदार नेता के तौर पर होती है, जबकि कांग्रेस ने दल बदलने में अव्वल अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। जनार्दन के विपरीत अभय ठेकेदार हैं। इनकी गिनती रसूखदार नेता के रूप में होती है। रीवा में मोदी लहर का असर है, लेकिन अभय मिश्रा की पत्नी मुकाबले को रोचक बना सकती हैं।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶| भोपाल

रीवा लोकसभा सीट अब तक किसी दल का गढ़ नहीं बन सकी। पिछले 8 लोकसभा चुनावों पर नजर डालें तो 3 बार बसपा, 4 बार भाजपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, इसीलिए विश्लेषक इस सीट को लेकर किसी तरफ की भविष्यवाणी करने से बचते हैं। वजह बसपा की मजबूत उपस्थिति है। 2019 में बसपा को मिले 91 हजार से ज्यादा वोटों को छोड़ दें तो पार्टी को हर चुनाव में डेढ़ से दो लाख तक वोट मिले हैं। बसपा को मिलने वाले वाले ये वोट किसी के भी हार-जीत का खेल बिगाड़ सकते हैं। बसपा की ओर से अभिषेक पटेल मैदान में हैं। वे 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा को इस मायने में फक्कड़ माना जाता है कि वे दो कुर्ता-पैजामा बनवाकर राजनीति करते हैं। उनकी गिनती निहायत ईमानदार नेता के तौर पर होती है। कोराना काल में दो साल उन्होंने लोगों के लिए मास्क बनाने का काम किया।



जनार्दन मिश्रा



नीलम मिश्रा

संभवतः इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि तीसरी बार उनके खिलाफ कुछ एंटी इंकम्बेंसी भी दिखाई पड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा सेमरिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रही हैं। उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से कांग्रेस के विधायक हैं। वे जल्दी-जल्दी भाजपा-कांग्रेस में आने-जाने के कारण चर्चित रहे हैं। अभय पेशे से ठेकेदार हैं, पैसे की उनके पास कमी नहीं है। क्षेत्र में उनका संपर्क भी अच्छा है। उनकी गिनीत दबंग नेता के तौर पर भी होती है। इसकी वजह से मुकाबला रोचक दिख सकता है। रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण और पटेल मतदाताओं की तादाद निर्णायक है। संभवतः इसीलिए आमतौर पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी ब्राह्मण होते हैं और बसपा से पटेल। बसपा को पटेलों के साथ दलित वर्ग का अच्छा समर्थन मिल जाता है तो वे मुकाबले को त्रिकोणीय बना देते हैं। ऐसे मुकाबले में बसपा कभी-कभी बाजी भी मार ले जाती है।

### विस चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

विधानसभा के 4 माह पहले हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बंपर जीत दर्ज की थी। रीवा लोकसभा क्षेत्र में भी इसका असर देखने को मिला। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस सिर्फ एक सीट पर सिमट गई। भारतीय जनता पार्टी का सिरमौर, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ में कब्जा है, जबकि कांग्रेस का सेमरिया में। सेमरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम के पति अभय मिश्रा विधायक हैं। जीत के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस सेमरिया में महज 637 वोटों के अंतर से चुनाव जीती है, जबकि 7 विधानसभा सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 5 हजार 840 रहा। लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों का यह अंतर पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### आठ विधानसभा क्षेत्रों में फैली है रीवा लोस सीट

रीवा लोकसभा सीट भौगोलिक दृष्टि से रीवा जिले की 8 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी है। ये सीटें सिरमौर, सेमरिया, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ हैं। इस सीट के लिए 1991 से 2019 तक हुए लोकसभा के 8 चुनावों में 4 बार भाजपा, 3 बार बसपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी दो बार 1998 और 2004 में जीते और जनार्दन मिश्रा ने 2014 और 2019 के चुनाव में जीत दर्ज की। बसपा के भीम सिंह पटेल पहली बार 1991 में जीतने में सफल रहे। 1996 के चुनाव में बसपा के बुद्धसेन पटेल जीत गए। 2009 में बसपा के देवराज सिंह पटेल ने जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी ने भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी को हराया था। इस बार फिर मुकाबला रोचक है।

### ब्राह्मणों व पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला

रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला माना जाता है। हालांकि यहां दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी कम नहीं है। यही कारण है कि आमतौर पर रीवा में ब्राह्मण और पटेल समाज के नेता ही सांसद बने हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 40 फीसदी के आसपास निर्णायक है, लेकिन यह मतदाता कांग्रेस और भाजपा के बीच बंट जाता है। इसके बाद दलित, पटेल और काछी मतदाताओं की तादाद है। बसपा पटेल को प्रत्याशी बनाती है। इसके साथ बड़ी तादाद में दलित मतदाता जुड़ जाता है। काछी समाज के अलावा क्षत्रिय सहित क्षेत्र में अन्य समाज भी हैं। दलित मतदाता बसपा, भाजपा और कांग्रेस के बीच बंट जाता है।

### प्रशासन के फैसले के बाद महिला को मिला न्याय, अतिक्रमण तोड़ने के दिए आदेश

# विधवा की शिकायत पर 25 साल बाद अतिक्रमणकारियों से मुक्त हुई जमीन

विगत 25 वर्षों से विधवा की जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए कब्जे को हटाकर प्रशासन ने विधवा को न्याय दिलाया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

शुक्रवार को गांधी पार्क के पास एक विधवा महिला कृष्णाबाई मुद्गल की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। जिसकी कृष्णाबाई लंबे समय से कानूनी लड़ाई लड़ रही थी, लेकिन अवैध कब्जा नहीं हट रहा था। अब इसके आदेश किए गए और नगर पालिका सीएमओ के आदेश के बाद शुक्रवार को अतिक्रमण अमले ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। बताया जाता है कि कई सालों तक विधवा महिला ने लड़ाई लड़ी लेकिन अतिक्रमणकारी हटने को तैयार नहीं थे। अब यह कार्यवाही की गई और अतिक्रमण हटाया गया। जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर रखा था।



**इनका कहना है**

गांधी पार्क सहित शहर के अन्य जगहों पर अतिक्रमण हटाया गया है । उक्त अतिक्रमण अधिकारियों के निर्देश पर हटाया जा रहा है ।
**सुनील राजपूत,** अतिक्रमण दल प्रभारी

### 25 साल तक लड़ी महिला ने कानूनी लड़ाई

इस पूरे मामले में 25 साल से इसकी लड़ाई चल रही थी, जबकि कब्जाधारी के पास कई एकड़ जमीन है, लेकिन फिर भी उसने विधवा महिला की जमीन हड़प कर रखी थी । इस पूरे मामले में पटवारी और आर आई की भी लापरवाही सामने आई थी । वह अतिक्रमण हटाने में टालामटोली कर रहे थे जबकि इस पूरे मामले में कमिश्नर पवन शर्मा सहित कलेक्टर के भी आदेश हो गए थे। इसके बाद अतिक्रमणकारियों ने भी अपील की थी लेकिन अपील खारिज कर दी गई थी और कलेक्टर ने विधवा महिला के पक्ष में निर्णय देते हुए आदेश दिया था कि यह अतिक्रमण हटाया जाए , लेकिन अब नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण अमले ने अधिकार हटाने के कार्रवाई की और जमीन को मुक्त कराई।

# रेत खनिज का अवैध परिवहन करने पर किए गए वाहन जब्त

### खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

जिले में रेत खनिज का अवैध परिवहन करने पर कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि उक्त विभागों द्वारा संयुक्त रूप से रेत एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरन्तर की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 5 अप्रैल को ग्राम बरण्डुआ में 1 ट्रेक्टर ट्राली, ग्राम रायपुर में 2 ट्रेक्टर ट्राली जप्त कर पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखवाई गई। इसके पूर्व 4 अप्रैल को ग्राम पाहनवर्री में 2 ट्रेक्टर ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस थाना इटारसी की अभिरक्षा में रखा गया तथा 3 अप्रैल को ग्राम बांद्राभान से 3 ट्रेक्टर ट्राली को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जप्त कर थाना देहात की अभिरक्षा में रखा गया। जिला खनिज अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त जप्त ट्रेक्टर ट्रालियों के मालिकों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 20222 के तहत कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से खनिज का उत्खनन और परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वाहनों को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



### ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए दाना और पानी रखने का अभियान चलाएं

**नर्मदापुरम।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी जनजातीय विकासखंड केसला ने पहल प्रारंभ कर केसला विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्य केसला, सुखतवा, साधपुरा, पथरौटा, जमानी एवं बिछुआ सहित समस्त प्राचार्य एवं समस्त प्रधान पाठकों को उक्ताशय की जानकारी देते हुए कहा है कि वे स्वयं इस दिशा में पक्षियों के लिए दाना एवं पानी रखने का अभियान चलाए साथ ही अपनी - अपनी शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित करें कि वे अपने--अपने घरो में अपने घर की छतो/दीवारो पर इसी भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी मिट्टी के पात्रों में रखे और उनके द्वारा इस विषय में की गई गतिविधियों की जानकारी एकत्रित कर ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात प्रोजेक्ट के रूप में अपनी शाला में अवश्य जमा कराएं।

### प्रतिभूति कारखाना के कर्मचारी और सीआईएसएफ के जवानों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ



**नर्मदापुरम।** वोटर अवेयरनेस फोरम, प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम द्वारा शुक्रवार को कारखाने के परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों एवं कारखाने कर्मचारियों ने मतदान दिवस 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने शपथ ली। इसी दौरान जवानों ने उत्साहित होकर शत प्रतिशत मतदान करने एवं करवाने हेतु आश्वासन दिया साथ ही सेल्फी प्वाइंट बनाकर फोटो भी लेकर जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सीआईएसएफ के अधिकारी संजीव कुमार राय, सहायक कमान्डेंट फायर जसविंदर सिंह सहित फोर्स के जवान एवं कारखाने के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण अंचलों में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**नर्मदापुरम।** प्रतिदिन शासकीय अमले के द्वारा लोक सभा निर्वाचन हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार को स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की एवं आमूपुरा एवं मंगवारी दोनों ग्रामों में अभियान चलाया दुर्गा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष पूजा मेहरा ने बताया कि हमारे द्वारा ग्राम के समूह की महिलाओं को एकत्रित कर मतदान करने हेतु अपील की एवं सभी महिलाओं से मतदान करने हेतु सपथ दिलाई गई। आपने बताया कि ग्राम मंगवारी में जय अम्बे समूह की अध्यक्ष संध्या गौर के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। ज्ञातव्य हो कि पिछले विधान सभा निर्वाचन में भी स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया था जिसमें कई गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को समझाईश दी गई थी।

# हनुमान जयंती पर होगी स्पर्धा व पुरस्कार वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

प्रति मंगलवार सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भारत माता आरती आयोजन समिति के द्वारा विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 अप्रैल दिन मंगलवार को श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय सेठानी घाट पर सायं 6 बजे से भव्य हनुमान चालीसा का पाठ, राम स्तुति, हनुमान जी की आरती एवं भारत माता की आरती का आयोजन रखा गया है। समिति की ओर से सुंदर बाल हनुमान प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है। जिसमें 10 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं को भगवान हनुमान जी के स्वरूप में तैयार कर कर उनकी फोटो निकालकर समिति को भेजना होगी। निर्णायक मंडल के द्वारा उनमें से बच्चों का चयन किया जाएगा एवं उनका 23 तारीख को सेठानी घाट पर पुरस्कार भी दिया जाएगा। चयनित बच्चों को 23 तारीख को सेठानी घाट हनुमान जी के रूप में तैयार होकर पहुंचना होगा। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण का भी आयोजन रखा गया है। प्रति मंगलवार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ समिति के द्वारा नगर के विभिन्न मंदिरों में विगत 3 वर्षों से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन अनवरत रूप से किया जा रहा है ।

समिति के द्वारा प्रतियोगिता के लिए पंपलेट का अनावरण राम जानकी मंदिर प्राइवेट बस स्टैंड पर किया गया।

# आयोजित की शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

मप्र शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई । संघ के विनोद मालवीय ने बताया कि जब शिक्षक संघ शासन के समक्ष कोई बात रखता है और विभागों में फाइलें चलती है तो एक अधिकारी समर्थन करता है और दो विरोध करते हैं। हमारी मांग है कि जब अधिकारी एवं सरकार कोई नीतिगत निर्णय लें तो उस बैठक में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों या शिक्षक संघ की ओर से अधिकृत विशेषज्ञ शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाये। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने चतुर्थ समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, शिक्षा मंत्री, आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र व अन्य को अलग-अलग चार पत्र दिए तब जाकर समयमान वेतनमान मिला। 30 जून में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने डीपीआई से चर्चा की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की 28 एवं 29 मार्च 2024 में भोपाल के वनवासी कल्याण आश्रम, एमपी नगर जोन - एक में आयोजित बैठक में प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर द्वारा दी गई। चार सत्रों में आयोजित बैठक अखिल भारतीय पदाधिकारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अतिरिक्त महामंत्री संजय राउत, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ आयाम के अभा सह प्रमुख लछीराम इंगले,प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मतसिंह जैन, सह संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले व राजीव शर्मा सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने विचार व्यक्त किए।

### दुर्गावाहिनी का तीन दिवसीय प्रांतीय शिक्षिका प्रशिक्षण वर्ग

# बेटियां सीख रही हैं आत्मरक्षा के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

विश्व हिंदू परिषद, दुर्गावाहिनी शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण वर्ग स्वयंवरम गार्डन में प्रारंभ हुआ जिसमें दुर्गावाहिनी की राष्ट्रीय सह संयोजिका पिंकी पवार ने प्रत्येक जिला केंद्र पर आत्मरक्षा के लिए शक्ति साधना केंद्र संचालित करने पर जोर दिया। उद्घाटन में विहिप प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र चौहान ने बहिनों को बाल संस्कार केंद्रों के माध्यम से परिवार ,समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए नई पीढ़ी को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संपर्क प्रमुख डॉ. अतुल सेठा ने सत्र की अध्यक्षता की एवं बहिनों का उत्साहवर्धन किया। दुर्गावाहिनी प्रांत संयोजिका सत्यकीर्ति राने ने बताया कि प्रांत के अलग -अलग जिले से आई कार्यकर्ताओं को शारीरिक और बौद्धिक विषयों में दक्षता हेतु अभ्यास करवाया जायेगा।



**खबर संक्षेप**

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**सारनी।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के प्रेम नगर में स्थित पंचसील बौद्ध विहार में 14 अप्रैल डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती महोत्सव मनाने कि रूप रेखा को लेकर अविनाश सिंदूर के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बाबा साहब की जन्म जयंती को भव्य रूप दिया जा सके इसको लेकर सर्वसम्मति से सतपाल सोनी को कार्यक्रम का अध्यक्ष और सुषमा महाजन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से निर्मित बगडोना के स्वागत द्वार से रैली निकाली जाएगी यह रैली बगडोना,शोभापुर, पाथाखेड़ा के विभिन्न वार्डों से भ्रमण करने के बाद पंचशील बौद्ध विहार में इस रैली का समापन किया जाएगा । समापन के पूर्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारधारा पर काम करने वालों लोगो के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करने का कार्य भी किया जाएगा।

### विद्युत कटौती शेड्यूल

**बैतूल।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 द्वारा 6 अप्रैल को 11 केव्ही टिकारी फीडर में मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। मेंटेनेंस कार्य के चलते शनिवार को प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक बच्चा जेल, प्रताप वार्ड, महावीर वार्ड, अखाड़ा चौक, जेरी चौक, गाड़ाघाट पंप, पटने आटा चक्की, नागदेव मंदिर टिकारी, ईसाई चौक, नर्स ट्रेनिंग स्कूल, कृष्णापुरा ठाकरे की चाल, मोती वार्ड, डॉ.कसेरा, गोठी कॉलोनी, फांसी खदान से दादावाड़ी, डॉ.पाड़ी गौठाना नाका, शारदा नगर, वैष्णवी नगर, गंगोत्री कॉलोनी, कमानी गेट, थाना चौक, मांग मोहल्ला, दुर्गा वार्ड गूड़ बाजार, गांधी चौक, साईं मंदिर टिकारी में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## 9 प्रत्याशियों ने कुल 14 नामांकन पत्र किए हैं प्रस्तुत

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की नाम निर्देशन प्रपत्रों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नाम निर्देशन प्रपत्रों की संवीक्षा की। सामान्य आब्जर्वर प्रदीप कुमार ठाकुर की उपस्थिति में उन्होंने बताया कि 9 प्रत्याशियों द्वारा कुल 14 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए थे। इनमें 4 नामांकन भाजपा के डीडी उईके और कांग्रेस से रामू टेकाम ने 3 नामांकन दाखिल किए। शेष 7 प्रत्याशियों ने एक-एक नाम निर्देशन प्रस्तुत किया। सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजीव कहार, मुख्य ट्रेनर विजयंत ठाकुर उपस्थित थे।

बैतूल संसदीय क्षेत्र-29 में अंतिम रूप से नियमानुसार 9 प्रत्याशियों भाजपा से दुर्गादास उईके, बहुजन समाज पार्टी से अशोक भलावी, इंडिया नेशनल कांग्रेस से रामू टेकाम, बहुजन मुक्ति मोर्चा से भूरेलाल बेठेकर, भारत आदिवासी पार्टी से अनिल उईके, निर्दलीय केशोराव उईके, निर्दलीय भागचरण वरकड़े, स्वतंत्र किसान पार्टी/निर्दलीय सुभाष बारस्कर एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से सुनेर उईके के नामांकन की घोषणा की। इस अवसर पर प्रत्याशी केशोराव उईके, अशोक भलावी बसपा, अनिल उईके भारत आदिवासी पार्टी एवं दल प्रतिनिधियों के रूप में आईएनसी हेमंत पगारिया, आईएनसी राजा सोनी, आईएनसी हेमंत वागद्रे, भारत आदिवासी पार्टी से शरीफ शाह और भाजपा के कैलाश धोटे उपस्थित थे।

नाम निर्देशन प्रपत्र की संवीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा माइक पर उद्घोषणा स्वरूप एक-एक प्रत्याशी द्वारा भरे गए एक-एक बिंदु का उल्लेख करते हुए कि जानकारी से प्रत्याशियों और प्रत्याशियों के जन प्रतिनिधियों को अवगत कराया। यथा नाम निर्देशन पत्र में सभी स्थानों की पूर्ति की गई है। अभ्यार्थी प्रस्तावक के नाम यथा स्थान भरे गए है। शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे गए है। संलग्न जाति प्रमाण पत्र के अनुसार अभ्यर्थी अनुसूचित जाति वर्ग से है।

## आब्जर्वर ठाकुर ने किया एमसीएमसी और एमसीसी का निरीक्षण



**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में संसदीय क्षेत्र बैतूल के लिए नियुक्त सामान्य आब्जर्वर प्रदीप कुमार ठाकुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित एमसीएमसी और एमसीसी प्रकोष्ठ में पेड न्यूज एवं शिकायतों की मॉनिटरिंग का अवलोकन कर मॉनिटरिंग कार्यों की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल एमसीएमसी के बारे में बताया कि सभी प्रत्याशियों को निर्वाचन के लिए अधिकतम राशि 95 लाख की सीमा आयोग द्वारा निर्धारित की गई है। प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न प्रचार माध्यमों से अपने पक्ष प्रचार प्रसार कराया जाता है। मॉनिटरिंग सेल द्वारा पेड स्वरूप के समाचार, सभी विज्ञापनों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर निरंतर 2437 मॉनिटरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही मीडिया सर्टिफिकेशन की कार्रवाई जिनमें हैण्डबिल और पम्पलेट के प्रकाशन के पूर्व कंटेंट का प्रमाणीकरण तथा वीडियो वैन के प्रकरण में एलईडी पर विजुअल्स का प्रमाणीकरण भी किया जाता है। प्रमाणीकरण के उपरांत ही आवेदक उसका उपयोग कर सकेगे। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि सोशल मीडिया पर फेक न्यूज के प्रसारण को भी मॉनिटर किया जा रहा है। किसी भी माध्यम से कोई फेक न्यूज का प्रसारण करता है तो तुरंत उसका खंडन जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाकर एनआईसी के माध्यम से कराया जाएगा।

### पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण में पहुंचे

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र बैतूल के लिए नियुक्त सामान्य आब्जर्वर प्रदीप कुमार ठाकुर गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय घोड़ाडोंगरी में पीठासीन अधिकारियों व मतदान क्रमांक-1 अधिकारियों के प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा, एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव, शाहपुर एसडीएम, तहसीलदार घोड़ाडोंगरी महिमा मिश्रा, तहसीलदार शाहपुर सुनयना ब्रम्हे व नायब तहसीलदार सारणी संतोष पथोरिया उपस्थित थे।

## मामला 2 वर्ष पुराना

# शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

पुलिस के माध्यम से दुष्कर्म की शिकायत मिलने के बाद आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करने का कार्य किया है। सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादिया द्वारा रिपोर्ट की गई कि दो-तीन साल पहले एक लड़के से डांस सीखने के दौरान परिचय हुआ था। इसी दौरान दोनों की आपस में बातचीत होने लगी और एक दिन आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर मिलने बुलाया और जबरन जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया और करीब एक साल तक जान से मारने की धमकी देकर गलत काम करता रहा।

फरियादिया ने डर के कारण किसी को यह बात नहीं बताई और इस दौरान वह गर्भवती हो गई। घर के लोगों को यह बात पता चलने के बाद घर में मानव बवंडर मच गया हो लेकिन घर के परिजनों ने सूझबूझ से काम लेते हुए दुष्कर्म का शिकार हुई लड़की की डिलीवरी करवाई गई जिससे उससे एक बच्ची को जन्म दिया है। मामला पंजीबद्ध होने के बाद सारनी एसडीओपी के माध्यम से तत्काल प्रभाव के साथ एक टीम का गठन करके आरोपी को गिरफ्तार करने का दिशा निर्देश दी गई। जिस पर थाना प्रभारी ने टीम गठित करके जो शिकायत होने के 24 घंटे के पूर्व आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**मामला दर्ज किया**

नाबालिग लड़की को डांस सीखने के नाम पर पहला फैसला कर उसका शारीरिक शोषण 1 वर्ष से अधिक समय तक किया गया। शिकायत मिलने के 24 घंटे पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया ।

**अरविंद कुमरे,** थाना प्रभारी सारनी

## दंत परीक्षण शिविर में 121 छात्र-छात्राओं की जांच



**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से विश्व ओरल हेल्थ दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। दंत परीक्षण शिविर में 121 छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच की गई। नोडल अधिकारी डॉ. निधि जैन ने बताया कि तंबाकू के सेवन से शरीर में बहुत सारी बीमारियां होती हैं हमे तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए और परिवार के सदस्य व दूसरे लोगों को भी इसके सेवन से बचने के बारे में बोलना चाहिए। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने कहा समस्त छात्र-छात्राओं को तंबाकू के दुष्परिणाम बताए एवं इसे रोकने के लिए जागरूकता लाने की बात कही। डॉ. सुखदेव डोंगरे द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम के संबंध में सभी छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान दी। इस प्रशिक्षण शिविर में डॉ. शुभांजली, डॉ. जी.बाला मुरवन, डॉ. श्रेया श्रीवास्तव, डॉ. निधि जैन नोडल अधिकारी, डॉ. दीपक मानकर, प्रो. योगेश्वरी पवांर, प्रो. संतोष पवांर सहित एनएसएस के अंजली नागोरे, मुस्कान बरखाने, आयुष घिडोडे, विशाल अमरुते, किरण धुर्वे एनसीसी के रीना उईके, कविता यादव, सुहानी लोखंडे, हेमलता बारंगे, पूजा वराठे एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ ने सहभागिता की।

## मोटिवेशनल और करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन

# जेईई व नीट की तैयारी के लिए सही स्ट्रेटेजी जरूरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत के प्रमुख मोटिवेशनल स्पीकर एवं शिक्षा विशेषज्ञ एनवी सर (नितिन विजय) ने शुक्रवार 5 अप्रैल को बैतूल के श्री जैन दादावाड़ी में छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मोटिवेशनल और करियर गाइडलाइंस सेमिनार में एनवी सर ने जेईई, नीट जैसी कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं में सफल होने के कुछ टिप्स बताए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए केवल कोचिंग ही नहीं, विद्यार्थी और उसके पैरेंट्स की भी बड़ी भूमिका होती है।

सेमिनार के दौरान एनवी सर ने बच्चों के माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों से रोज बात करें और उनकी दिनचर्या पर नजर रखें, घर की समस्याओं और विवादों से दूर रखें, बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों को पहचान कर दूर करने में मदद करें। यदि टेस्ट में नंबर कम आते हैं, तो बच्चे को बेहतर करने के लिए प्रेरित करें, फिर चाहे परिणाम जो भी आए, उसे पूरे दिल से स्वीकार करें। यह आश्वस्ति उन्हें हौंसला देगी। उन्होंने आगे कहा, ₹मोशन मिनिमम प्राइज़ पॉइंट पर उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के मिशन पर है। हमने मोशन को ऐसा संस्थान बनाया है, जहां अमीर हो या गरीब, हर विद्यार्थी खास है। इसलिए हमने ऐसे मॉडल पर काम किया है, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता तो बढ़े, लेकिन लागत कम से कम आए। यही कारण है कि क्वालिटी एजुकेशन सबको अफोर्डेबल प्राइस पर मिल पा रही है। विद्यार्थियों को क्लास रूम और ऑनलाइन कोचिंग, दोनों के फायदे मिल रहे हैं। विद्यार्थियों को अपने कमजोर पक्ष को सुधारने में मदद के लिए मोशन की टीम ने एआई बेस्ड होमवर्क मशीन बनाई है। इसमें हम विद्यार्थियों की कमियों को समझने और उनको दूर करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें हम हर बच्चे को उसके स्तर के अनुकूल अलग-अलग कस्टमाइज़ प्रैक्टिस शीट्स, जैसे- इजी, मीडियम या टफ देते हैं। इस प्रकार कमजोर विषय की बार-बार प्रैक्टिस होती है और परीक्षा से पहले ही कमजोरी दूर हो जाती है। इससे आईआईटी, नीट की तैयारी आसान हुई है और कमजोरी दूर होने से एवरेज बच्चों के सिलेक्शन का अनुपात बढ़ रहा है। मोशन 17 साल में लाखों बच्चों को जेईई और नीट की तैयारी करवा चुका है। अपने अगले वित्तीय वर्ष में इसने 100 नए केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल 50,000 से अधिक विद्यार्थी मोशन से जुड़े हैं। संस्थान ने 15 राज्यों में 60 केंद्रों के साथ, देश में मजबूत उपस्थिति बनाई है। दक्षिण भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए मोशन पहले चरण में 30 से अधिक नए केंद्र जोड़ेगा। इससे संस्थान को देशभर में मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 1.5 से 2 लाख छात्र-छात्राओं तक पहुंचने की उम्मीद है।

## अग्नि सुरक्षा की तैयारियों में जुटा वन अमला

# वनों को आग से बचाने दक्षिण वन मंडल ने बनाई रणनीति



**बैतूल।** दक्षिण बैतूल (सामान्य) वनमंडल ने फायर सीजन 2023-24 के लिए वन अग्नि सुरक्षा की तैयारियों को पूरा कर लिया है। वनमंडलाधिकारी विजयान्नतम टी.आर. ने बताया कि नवंबर माह में फायर लाईन साफ-सफाई एवं जलाने का कार्य पूरा हो चुका है। इससे वनों को आग से बचाने में मदद मिलेगी। इस सामूहिक प्रयास के अलावा दक्षिण बैतूल (सामान्य) वनमंडल ने वनों के संरक्षण के लिए नवीनतम तकनीकी उपकरणों का भी उपयोग किया है। इससे वनकर्मियों को आग से लड़ने और उसे नियंत्रित करने के लिए अधिक अच्छे साधन प्राप्त हो रहे हैं। डीएफओ विजयान्नतम टी.आर. ने बताया कि आग वनों को अत्यधिक हानि पहुंचाती है, यह पेड़-पौधों, वन्य प्राणियों, वायु प्रदूषण के साथ भूमि की उर्वरा शक्ति पर भी विपरीत प्रभाव डालती है एवं बड़ी मात्रा में वनक्षेत्र प्रभावित होता है। वन अग्नि के दुष्प्रभाव से बैतूल जिला भी अछूता नहीं है। चूंकि बैतूल जिले का अधिकांश भाग सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला अंतर्गत आता है अतः वनक्षेत्र अत्यन्त दुरह, पहाड़ी, खाई, घाटियों से घिरा रहता है जिस कारण आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर अग्नि प्रभावित स्थल तक पहुंचकर भीषण गर्मी में आग बुझाना अत्यन्त दुरह कार्य है। नवम्बर माह से ही विशेष अभियान चलाकर भारतीय वन सर्वेक्षण के वेब पोर्टल वन अग्नि 3.0 पर वनमंडल अंतर्गत समस्त समितियों / ग्राम के सभी सदस्यों के मोबाईल नम्बर पंजीकृत कराये गये ताकि प्रत्येक व्यक्ति को आग लगने की सूचना एस.एम.एस. के माध्यम से



प्राप्त हो सके, इस पंजीकरण कार्य में जनप्रतिनिधियों, अन्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के मोबाईल नम्बर भी पंजीकृत कराये गये है। दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा वर्तमान में पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा 6272 मोबाइल नंबरों का पंजीकरण किया गया है, जिसके लिए वन विभाग द्वारा दक्षिण बैतूल वनमंडल की प्रशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में कुल 74374 मोबाइल नंबर पंजीकृत किये गये है।

# लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण में दूसरे दिन 242 प्रशिक्षणानार्थियों ने लिया भाग

## 6 अप्रैल को होगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**मुलताई।** शासकीय कन्या शाला में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय लोकसभा चुनाव 024 की निर्वाचन प्रशिक्षण के दूसरे दिन 242 प्रशिक्षणानार्थीयों ने भाग लिया।सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया, तहसीलदार अनामिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर जितेंद्र प्रसाद खन्ना , रवि शंकर पवार तथा विधानसभा स्तर के 21 मास्टर ट्रेनर के माध्यम से मुलताई विधानसभा क्षेत्र में 850 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 -2 एवं 3 प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे जिनका कार्य लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित करना होगा। शासकीय कन्यशाला में आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्था स्कूल कक्षो में की गई है जिसमें प्रत्येक कमरे में 41 प्रशिक्षणानार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सभी कक्षाओं में मॉनिटर एवं की भी व्यवस्था की गई है ताकि प्रशिक्षण के दौरान प्रैक्टिकल जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। तीन दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर का समापन 6 अप्रैल शनिवार को होगा।

## महावीर इंटरनेशनल ने शुरू किया जल सेवा प्रकल्प

### पक्षियों को दाना पानी के लिए 25 मिट्टी के सकोरे का वितरण



**बैतूल।** चिलचिलाती धूप में राहगीरों को जल की सुविधा प्रदान करने महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल द्वारा वीरा पूनमजी, वीरा सरला, वीरा सरला आरजी, वीरा सपना, वीरा राजुल, वीरा जूली, वीरा करुणा की उपस्थिति में बैतूल में 2 जगहों पर जल सेवा प्रारम्भ की और चिलचिलाती धूप में पक्षियों को राहत देने बैतूल बाज़ार गांव में घरों और दुकानों की छत और पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे लगवाए। ज्यादा से ज्यादा लोगो को सेवाओं का लाभ देने के लिए गंज के मार्केट एरिया में और सदर के हॉस्पिटल रोड पर इस सुविधा का शुभारंभ किया गया। महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल ने गंज एरिया पर यह सुविधा पिछले साल भी दी थी। इस साल गर्मी का सीजन शुरू होते ही, आसपास के दुकानदार और रेगुलर आने वाले राहगीर इस जल सेवा केंद्र के शुभारंभ की राह देख रहे थे।

## आचार संहिता के बाद ही होगा निर्माण कार्य प्रारंभ

# हद है...समय रहते प्रारंभ नहीं हो सका बैतूल रोड निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर के मध्य से गुजरने वाली परमंडल से कामथ सड़क की टेंडर प्रक्रिया आचार संहिता के पूर्व पूर्ण किए जाने के बावजूद भी ठेकेदार प्रमंडल से कामथ सड़क का कार्य प्रारंभ नहीं कर सका जिसके चलते अब निर्माण कार्य आचार संहिता कार्यकाल तक लटक़.गया है। और जिस प्रकार ठेकेदार ने सभी विभागीय कार्रवाई पूर्ण होने के बावजूद भी कार्य प्रारंभ करने में रुचि नहीं दिखाई है। उससे सड़क के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि परमंडल जोड़ से ड्रीमलैंड सिटी तक 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है जिसका टेंडर राही कंस्ट्रक्शन को दिया गया है।

टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वर्क ऑर्डर अनुबंध सहित सभी कार्यवाही आचार संहिता के पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा कर ली गई थी और माना जा रहा था कि आचार संहिता से पूर्व निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा किंतु ठेकेदार ने समय रहते कार्य प्रारंभ करने में कोई रुचि नहीं दिखाई और अब यह कार्य आचार संहिता के बाद ही प्रारंभ हो सकेगा।



### ड्रीमलैंड सिटी तक ही बनेगी 7 मीटर चौड़ी सड़क

नगरवासी लंबे समय से प्रजामंडल से कामत तक सड़क निर्माण की बाटजोह रहे हैं किंतु इस बार भी नगर वासियों का यह सपना पूरा नहीं हो सकेगा क्योंकि इस बार भी चौड़ी सड़क का निर्माण परमंडल जोड़ से ड्रीमलैंड सिटी तक एक किलोमीटर ही होगा। मुख्य सड़क की चौड़ाई 7 मीटर होगी। इसकी विशेषता यह है कि 7 मी मुख्य सड़क के बाद दोनों भाग में 6-6 फिट का कांक्रीट शोल्डर एवं नालियों का निर्माण किया जाएगा।

**शुरू नहीं किया काम**

लोक निर्माण विभाग ने अपनी ओर से सभी विभागीय कार्रवाई पूर्ण कर दी थी किंतु ठेकेदार समय-सीमा में सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कर सका, इसलिए अब आचार संहिता के बाद ही निर्माण प्रारंभ हो सकेगा।

**राजेश राय,** एसडीओ लोक निर्माण विभाग मुलताई

# मां और बेटी ने थाने में लिखित आवेदन देकर लगाई गुहार

**सारनी।** ग्राम पंचायत सलैया के मडकाढाना मार्ग पर निवास करने वाली 20 वर्षीय लाजवंती उईके ने सारनी पुलिस को लिखित शिकायत देकर जान माल के गुहार की मांग की है। पीड़ित युवती ने बताया कि पिछले 15 दिनों से अज्ञात लोगों के द्वारा रात में 12 से दो के बीच में मकान की सीट पर पत्थर फेंकने के अलावा दरवाजे पर लात मारने का कार्य किया जाता है। जिसकी वजह से वह मां बेटी अपने घर में नहीं सो पा रही है। आश्चर्य की बात तो यह है कि सलैया के फॉरेस्ट नाके के पास गोविंद किराना दुकान है और वहां पर सीसी टीवी लगे हुए हैं, इसके अलावा राजू नागवंशी के घर के सामने सीसीटीवी लगे हुए हैं, उसके बाद भी रात के अंधेरे में जंगल की तरफ से आकर कौन पत्थर मार के भागता है।

इसकी जानकारी पीड़ितों को नहीं लग पा रही है। पीड़ित युवती ने बताया कि रात के अंधेरे में कले पल्सर के साथ कोई आता है और वह काले कपड़े पहने रहता है। बीती रात को मोहल्ले वालों की मदद से मकान पर पत्थर मारने वाले को पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन अंधेरे में आरोपी भाग खड़े हुए हैं। पुलिस के माध्यम से इस क्षेत्र में रात्रि के समय हंड्रेड डायल की गस्ती किए जाने की मांग भी की जा रही है। सलैया के अलग-थलग रहने वाले आदिवासी मां-बेटी को अज्ञात लोगों के भय एवं जान माल का खतरा बना हुआ है ऐसी स्थिति को देखते हुए उन्होंने सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे, एसडीओपी रोशन कुमार जैन से मुलाकात करके जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाने का कार्य किया है।

### इटारसी में आरपीएफ टीम ने तत्परता दिखाकर आरोपियों को किया गिरफ्तार

# दो नाबालिग लड़कियों को भगाकर ले जा रहे एक युवक को पकड़ा

आरपीएफ ने अलग अलग कार्रवाई करते हुए दो अपराध के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरपीएफ टीम ने आरोपियों के पास से दो नाबालिग को बरामद किया तो वहीं रेल्वे की संपत्ति की चोरी के आरोपी को भी गिरफ्तार किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आरपीएफ ने उत्तरप्रदेश से प्राप्त सूचना के आधार पर दो नाबालिग लड़कियों को भगाकर ले जा रहे एक युवक को इटारसी में पकड़ा है। लड़कियों को उनके परिजनों को सौंपा तथा युवक को उत्तरप्रदेश पुलिस के हवाले किया। आरपीएफ को पुलिस थाना चकिया, जिला चंदौली, उप्र से सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़का दो लड़कियों को ट्रेन नं. 13201 जनता एक्सप्रेस से भगाकर मुंबई ले जा रहा है। सूचना पर आरपीएफ थाना इटारसी स्टेशन के सहायक उप निरीक्षक आवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक सोबरन सिंह, प्रधान आरक्षक नेमचन्द, आरक्षक डेविड दीन एवं महिला आरक्षक प्रज्ञा ने इटारसी स्टेशन में गाड़ी के आगमन पर तत्परता दिखाते हुए तीनों को ढूंढ़ा। ट्रेन में लड़का एवं दोनों लड़कियां इंजन से दूसरे कोच में मिले, जिन्हें उतारकर आरपीएफ थाना इटारसी स्टेशन लाया गया व संबंधित पुलिस थाने को सूचना दी गई। पुलिस थाना चकिया, जिला चंदौली, उप्र से पुलिस स्टॉफ बालिकाओं के परिजनों के साथ आरपीएफ थाना इटारसी पहुंचे, उनके उपस्थित होने पर ट्रेन से उतारे गए लड़का व नाबालिक बालिकाओं की पहचान कराई तथा आरपीएफ निरीक्षक ने परिजनों के समक्ष लड़कियों की काउंसिलिंग की। एसएचओ, चकिया थाना से संपर्क कर लड़के को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस स्टॉफ एवं दोनों लड़कियों को उनके परिजनों को सकुशल हालत में सुपुर्द किया। आरपीएफ ने मानवता का परिचय देते हुए तत्परता से कार्य करने से दो नाबालिग बालिकाओं का जीवन अंधकारमय होने से बचाया जा सका।

## रेलवे संपत्ति की चोरी के शातिर व आदतन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**इटारसी।** आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति की चोरी के एक आरोपी शातिर चोर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। इसने आउटर के पास से रेलवे ट्रैक में लगने वाली पेन्ड्रॉल क्लिप की चोरी करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। आरपीएफ निरीक्षक इटारसी पोस्ट अनुराधा मिश्रा के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार जनोरिया, प्रधान आरक्षक सोबरन सिंह, आरक्षक अमित बावने, आरक्षक डेविड दीन एवं आरक्षक अशोक बारीवे ने इटारसी स्टेशन के आउटर के पास से रेलवे का लोहा (रेलवे ट्रैक में लगने वाली पेन्ड्रॉल क्लिप) चोरी करते हुए संतोष पुत्र फूलसिंह उम्र-30 वर्ष, मोटर साईकिल स्टैंड के पास, फुटपाथ रेलवे स्टेशन इटारसी, जिला नर्मदापुरम, मप्र को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी रेल संपत्ति चोरी के मामले में वर्ष 2017 तथा 2019 में 2 प्रकरण दर्ज किए गए थे। आरोपी रेलवे संपत्ति की चोरी का आदतन आरोपी है, जिसे आरपीएफ इटारसी ने पुनः रेलवे संपत्ति की चोरी करते पाए जाने पर रेल न्यायालय, भोपाल में पेश किया, न्यायालय के आदेश पर आरोपी संतोष को न्यायिक अभिरक्षा में केन्द्रीय जेल भोपाल भेजा गया।

# एसपीएल रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा रॉयल चैलेंजर्स सिंधी ने जीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चैतीचांद महोत्सव के अंतर्गत रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में रॉयल चैलेंजर्स सिंधी ने डोमिनेटर को हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले रॉयल चैलेंजर सिंधी और लक्की चांस के मध्य हुए सेमीफाइनल मुकाबले में रॉयल सिंधी ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया था। सेमीफाइनल मैच रॉयल सिंधी वर्सेस लकी चांस होशंगाबाद के बीच खेला गया। रॉयल सिंधी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाए। जवाब में लकी चांस होशंगाबाद मात्र 47 रन ही बना पाया। फाइनल मुकाबला डोमिनेटर स्मार्ट बनाम रॉयल सिंधी के बीच खेला गया। रॉयल चैलेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन बनाए। जवाब में डोमिनेटर स्मार्ट 58 रन ही बना पाई। अंडर-15 में पहले मैच में मैन ऑफ द मैच गर्व मेघानी को, दूसरे अंडर 15 मैच में तन्मय कलवानी को, तीसरे मैच में समीर वासनी मैन ऑफ द मैच हुए। अंडर 15 के पहले सेमीफाइनल में लक्षशी मोटवानी को मैन ऑफ द मैच, दूसरे सेमीफाइनल के मैन ऑफ द मैच गर्व मेघानी। फाइनल के मैन ऑफ द मैच जय रायपुर वाले रहे। अंडर 15 बेस्ट बैट्समैन गर्व मेघानी को दिया। बेस्ट कीपर कृष्णा लालवानी को दिया। बेस्ट बॉलर पारस वासनी को दिया। बेस्ट कैच लकी खुरानी रहे। बेस्ट फील्डर मोहित खुरानी को दिया। नगर स्तरीय में क्वार्टर फाइनल के पहले मुकाबले में मैन ऑफ द मैच सोहम होशंगाबाद को दिया। दूसरे मैन ऑफ द मैच हार्दिक मेघानी रहे, तीसरे मैन ऑफ द मैच गट्टू चेलानी को दिया। चौथा मैन ऑफ द मैच हरीश राय चंदानी को दिया। सेमी फाइनल के पहले मुकाबले में मैन ऑफ द मैच राहुल चेलानी रहे, दूसरे सेमीफाइनल के मैन ऑफ द मैच हरीश राय चंदानी रहे और फाइनल के मैन ऑफ द मैच विवेक नवलानी को दिया। नगर स्तरीय में बेस्ट बैट्समैन राहुल चेलानी, बेस्ट बॉलर हार्दिक मेघानी, बेस्ट कीपर गट्टू चेलानी, बेस्ट कैचर चंदन खुरानी मैन ऑफ द सीरीज राहुल चेलानी को दी गई। मैचों में अभिनेता राहुल चेलानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, सुधीर गोठी, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, अनिल मिहानी, शिवाकांत गुड्डन पांडेय, संजय शर्मा, पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा, लाली सलूजा, मयूर जायसवाल, अर्जुन भोला, आदित्य तिवारी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, पूज्य सिंधी समाज कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश नवलानी, उत्सव समिति अध्यक्ष गौरव फुलवानी, ओम सोनी ओम शिवदासानी सचिव मनीष वशानी बाबू वासनी, मोनू मोरवानी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## लोकसभा चुनाव कार्य में लापरवाही करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया नोटिस

**नर्मदापुरम।** लोकसभा चुनाव में विभिन्न कार्यो के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दायित्व सौंपे हैं। निर्वाचन कार्य मे लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में डॉ ए चटर्जी प्राचार्य, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा को निर्वाचन कार्य के लिए सौंपे गये दायित्वों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर 7 अप्रैल को

**इटारसी।** श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति इटारसी के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर 7 अप्रैल, रविवार को श्री महावीर जैन हायर सैकंड्री स्कूल न्यास कालोनी में लगेगा। शिविर में अपोलो सेज हास्पिटल भोपाल के डाक्टर्स जांच करके मरीजों को परामर्श देंगे। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक तिवारी, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित मिश्रा और गैस्ट्रो/जनरल सर्जन डॉ. आनंदिता देसाई और जनरल फिजिशियन डॉ. पंवार परामर्श देंगे।

# मां कर्मा जयंती पर साहू समाज ने हर्षोल्लास से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



साहू समाज की आराध्य एवं भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त मां कर्मा जयंती के अवसर पर नगर के साहू समाज द्वारा नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई एवं स्थानीय गायत्री मंदिर में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया गया मां कर्मा की शोभायात्रा में साहू समाज के युवा एवं व्यवसाईयों तथा मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में भाग लिया शोभायात्रा स्थानीय गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई माखन नगर रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मैरिज गार्डन पहुंची शोभायात्रा में चल रहे मां कर्मा के भक्तों का नगर के समाजसेवियों द्वारा स्थानीय पीपल चौक पर स्वागत कर जलपान कराया गया लक्ष्मी नारायण मैरिज गार्डन में मां कर्मा की आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में प्रसादी वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मां कर्मा जयंती के दो दिवसीय आयोजन के बाद निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



भक्ति माता कर्मा पर विगत दिनों फिल्म भी तैयार हो चुकी है। ऐसी भक्ति जिसके पास भगवान कृष्ण को खिचड़ी के लिए आना पड़ता था। साहू समाज की आराध्य मां कर्मा जिन्हें भगवान कृष्ण को खिचड़ी का भोग लगाकर अमर हो गई आज भी जगन्नाथ जी के भारत जगत पसारे हाथ महाप्रसाद के रूप में आज भी मान्य है पाखंड वार्ड नंबरों के दूर कर प्रेम सामंजस्व समाज को एकता के सूत्र में बांधने का सुंदर संदेश फिल्म के माध्यम से दिया गया है इस फिल्म को छत्तीसगढ़ के निर्माता के द्वारा बनवाया गया है जिसमें पिपरिया से कमलेश उर्फ चिंकू साहू को प्रचार प्रसार की जवाबदारी सोप गई थी। भगवान कृष्ण की भक्ति माता कर्मा की जीवनी पर आधारित प्रतिवर्ष 5 अप्रैल को मां कर्मा का जन्मोत्सव मनाया जाता है।

प्रतिवर्ष की तरह इस बार सभी कार्यक्रम का आयोजन किया गया लेकिन इस बार दो दिवस तक लगातार कार्यक्रम का आयोजन हुआ किसने मनकर्म का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया प्रथम दिवस 4 अप्रैल को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम साहू समाज के छात्र-छात्राओं पक्षियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरुक




हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नगर के वार्ड क्रमांक 11 12 एवं मतदान केंद्र क्रं. 180 में आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्राम पंचायत के स्वच्छता प्रेरक अजय सिंह राजपूत ने मतदाताओं को ऑपरेशन स्वीप के तहत मतदान का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया एवं मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर बूथ क्रमांक 180 के मतदाता उपस्थित थे।

# मां कर्मा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शुक्रवार को माँ कर्मा जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें सामाजिक लोगो ने एकत्रित होकर नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम ओम साइन गार्डन में आयोजित किया गया। इसमें सर्वप्रथम माँ कर्मा माई की पूजन की गई। जन्मोत्सव कार्यक्रम में साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार रखें अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया मां कर्मा की आरती कर सामाजिक स्नेह भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम मैं आयोजन समिति के पधारिकारी नगर अध्यक्ष अरविंद साहू,सोनू साहू,देवेंद्र साहू ,गिरधारी लाल जी साहू हेमंत साहू सहित अनेक सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

# लोकसभा निर्वाचन को लेकर पंचायत ने चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायत में निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमन खातरकर के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन के पूर्व ग्राम पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत बनवारी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में यह कार्यक्रम चलाया गया जिसमें बनवारी में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नोडल अधिकारी श्याम यादव जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर पथरिया सरपंच रीना खूबचंद रघुवंशी सचिव ओम प्रकाश साहू रोजगार सहायक बृजेश प्रजापति आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पंचायत के सभी पंच ग्राम वासी उप सरपंच की उपस्थिति में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में विशाल जागरूकता रैली निकल गई उसके बाद लोगों को घर-घर जाकर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। मतदाताओं को भी जागरुक कर नए मतदाताओं का स्वागत सम्मान किया गया। नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा मतदान मतदान केदो का भी निरीक्षण किया गया। हाथ में बैनर लिए हुए नारेबाजी की गई ग्राम के प्रत्येक मुख मार्ग से यात्रा निकाली गई।

# ग्राम पंचायत में सचिव के मुख्यालय पर न रहने से ग्रामवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत 52 ग्राम पंचायत में लगभग सभी सचिव अपने मुख्यालय पर निवास नहीं कर रहे हैं। लेकिन जिला पंचायत अधिकारी की मेहरबानी से शासन के निर्देश है कि कोई भी सचिव अपनी ग्राम पंचायत जहां पर कि वह निवासी है वहां पर कार्य नहीं कर सकेगा अक्सर देखा जा रहा है। किस ग्राम के सचिव निवास में उसे ग्राम के पास की पंचायत में तबादला कर लिया गया है जहां पर उनकी जमीन भी है जहां पर वह खेती कर रहे है। जनपद पंचायत की एक ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव एवंउप सरपंच एक ही परिवार के लोग पंचायत चला रहे हैं तथा लगातार दो पंचवर्षीय से सचिव वहीं पर पदस्थ है। उसके बाद भी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। किसी भी ग्राम पंचायत में नहीं कर रहे पिपरिया शहर में निवास कर रहे हैं तो वहीं पर रोजगार सहायक जिन्हें ग्राम पंचायत में ही कार्य करने के लिए नियुक्त की गई थी पिपरिया निवास कर रहे हैं। जानकारी अधिकारियों को होने के बाद भी क्रिकेट खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पंचायत माथनी के पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भोजराज सिंह पटेल ने मध्य प्रदेश शासन को शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी ग्राम पंचायत में सचिव माह में एक बार ही आते हैं और नहीं आते हैं ग्राम वास्तविक के द्वारा बात करने पर संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं देते हैं। जिनके कारण ग्रामवासी परेशान है शायद उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी जिला पंचायत एवं सभी जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है साल भर से ग्राम पंचायत की बैठक नहीं की गई है नालियों की सफाई नहीं की गई है ग्राम सभा के प्रस्ताव भी ठंडी बस्ती में पड़े हुए हैं। पटेल का आरोप है की गंदगी पनप रही है सड़क पर पानी गंदा बहता है कचरा घर में एक तगाड़ी कचरा नहीं पहुंचा सफाई की जा रही है।

# पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हो गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया मतदान दल द्वारा प्राप्त की जाने वाली सामग्री, मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान, मतदान अधिकारी क्रमांक एक के दायित्व ,टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है। दिखावटी मतदान के पश्चात पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान दिवस पर दिखावटी मतदान की प्रक्रिया के दौरान कार्य, पीठासीन की डायरी के बारे में भी बताया गया। सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया तथा ईवीएम मशीन को कनेक्ट करने के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का निरीक्षण नायब तहसीलदार नितिन राय द्वारा किया गया द्वितीय सत्र का निरीक्षण सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज सिंह परिहार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, सुनील सोनी, अशोक साहू, डी एस परमार, उमेश धुर्वे, बाबू पटेल, प्रेम नारायण परते, अतुल गौर प्रशांत चौरसिया द्वारा दिया गया।

### 9 अप्रैल से प्रारंभ होगा भव्य श्रीराम जन्मोत्सव समारोह, तैयारियां जोरों पर

# भक्ति भाव के साथ मनेगा श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री रामजन्म महोत्सव का ऐतिहासिक आयोजन 9 अप्रैल से प्रारंभ होगा। नर्मदा अंचल के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित श्री राम जन्म महोत्सव का आयोजन चैत्र शुक्ल एकम 9 अप्रैल मंगलवार से चैत्र शुक्ल नवमी 17 अप्रैल बुधवार तक श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर तुलसी चौक परिसर में आचार संहिता का पालन करते हुए किया जाएगा। श्री राम जन्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने बताया है कि लोकसभा चुनाव के कारण जारी आचार संहिता के चलते चुनाव आयोग के नियमों का पालन किया जा रहा है। इस बार जारी प्रचार सामग्री में किसी भी पदाधिकारी का नाम प्रकाशित नहीं किया है। श्री राम जन्म महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक अध्यक्ष श्री द्वारिकाधीश राम जानकी मंदिर समिति के मार्गदर्शन में समस्त कार्यक्रम होंगे।

जगतगुरु रामभद्राचार्य जी की परम शिष्या राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता मानसमणी साध्वी पंडित नीलम गायत्री चित्रकूट मध्य प्रदेश से पधार रही हैं, जो 9 दिनों तक प्रभु श्री राम की कथा का गुणगान करेंगी। श्री राम कथा पर प्रवचन प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से रात्रि 9:50 बजे तक होंगे।

श्री रामचरितमानस के नव्हांन पारायण का गायन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से श्री द्वारिकाधीश सत्संग हॉल में होगा। 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ठाकुर श्री द्वारकाधीश की प्रतिमा के समक्ष श्रीराम जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन प्रवचन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होंगे।

इस दिन आकर्षण का केंद्र ठाकुर श्री द्वारिकाधीश होंगे जिन्हें धनुर्धारी राम बनाया जाएगा। 17 अप्रैल को सायंकाल 5 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो श्री द्वारिकाधीश मंदिर की परिक्रमा करते हुए मराठी स्कूल, आठवीं लाइन चौराहा से नवमी लाइन सांवरिया हाउस से होते हुए साईंराजा परिसर के बाजू से सातवीं लाइन होते हुए सराफा बाजार से नीमवाड़ा पहुंचेगी एवं यहां से जय स्तंभ चौक होते हुए वापस द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर पर विश्राम लेगी।

अयोध्या में प्रभु श्री राम लाल के विराजित होने पर पूरे मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। इस वर्ष से मंच एवं परिसर की सजावट का कार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत बबली भाई को सौंपा है। ध्वनि एवं प्रचार का कार्य विकास दुबे देखेंगे। संचालन अभिषेक तिवारी करेंगे। शोभा यात्रा के संयोजक संजीव अग्रवाल दीपू होंगे। प्रवक्ता का दायित्व भूपेंद्र विश्वकर्मा संभालेंगे।

## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपियों के मकान पर चला बुलडोजर

**हरदा।** बीते बुधवार को रन्हाई रोड पर लकड़ियों से पीट पीटकर की गई दो लोगों की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को पुलिस, नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की टीम ने हत्या के आरोपी यूनुस के द्वारा सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि आरोपी यूनुस ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर यहां बनाई गई झोपड़ी से मादक पदार्थों की बिक्री का खुलेआम कारोबार किया जाता था। नगर पालिका के प्रभारी आरआई श्रीकांत बंसल ने बताया कि पुलिस से मिले प्रतिवेदन के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। गौरतलब रहे कि शराब की पार्टी कर रहे पांचों आरोपियों ने रन्हाई से हरदा आ रहे बाइक सवार शैतान सिंह कोरकू एवं सईद शाह की बुधवार सुबह पीट पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें शैतान सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं सईद शाह को मारपीट करने वाले आरोपियों ने ही जिला अस्पताल भिजवाया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सम्भवतः शनिवार शाम को पुलिस दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर सकती है।

### मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आज से तीन दिन तक होगा

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि प्रशिक्षण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा, शासकीय महाविद्यालय टिमरनी तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण तीनों विकासखण्ड मुख्यालय हरदा, खिरकिया व टिमरनी में 6 से 8 अप्रैल तक दो पालियों में सम्पन्न होगा। डॉ. गौड़ा ने बताया कि तीनों प्रशिक्षण स्थल पर प्रथम पाली प्रातः 10 से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

### हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण 8 अप्रैल को

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र बैतूल अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी व 135 हरदा के लिये नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक एवं ईव्हीएम व व्हीव्हीपीएट का हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण 8 अप्रैल को होगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा के एलआरयूसी कक्ष में दिया जाएगा।

### कृषि मंडी में बंद रहेगी नीलामी

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरदा ने बताया कि 8 से 11 व 13 से 14 अप्रैल तक कृषि उपज मंडी प्रांगण हरदा में घोष विक्रय बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को अमावस्या, 9 अप्रैल को गुड़ी पड़वा, 10 अप्रैल को चैतीचांद, 11 अप्रैल को ईद-उल-फितर, 13 अप्रैल को द्वितीय शनिवार बैंक बंद होने तथा 14 अप्रैल को रविवार का शासकीय अवकाश होने के कारण मंडी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का घोष विक्रय बंद रहेगा। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि वे 8 से 11 व 13 से 14 अप्रैल तक अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में विक्रय के लिये नहीं लाएं। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल शुक्रवार को मंडी में नीलामी कार्य चालू रहेगा।

### भाजपा का स्थापना दिवस आज, प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम होंगे आयोजित

**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को जिले के सभी बूथों पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह और उमंग के साथ जनता के बीच पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा।

### ग्राम बड़झिरी, लाखदेह, चूरनी और सिंगोड़ा का किया दौरा

# कलेक्टर ने दूरस्थ क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं देखीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने गुरुवार शाम को टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम बड़झिरी, लाखदेह, चूरनी और सिंगोड़ा का दौरा कर वहां बनाए गए मतदान केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया भी मौजूद थे। कलेक्टर ने दूरस्थ क्षेत्र में स्थित इन ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता न होने से वायरलेस सेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि मतदान के दिन संदेशों का आदान प्रदान आसानी से किया जा सके। उन्होंने इस दौरान निर्देश दिए कि सभी मतदान केंद्रों की रंगाई-पुताई, सफाई व मरम्मत कराई जाए, तथा सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए पेयजल व्यवस्था रेम्प की व्यवस्था,और महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था के साथ साथ विद्युत व्यवस्था और इनवर्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने सभी मतदान केंद्रों पर लोकसभा निर्वाचन - 2024 के लिए मतदान की तिथि, मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्र में शामिल ग्रामों की जानकारी अंकित करने के निर्देश भी दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर सरकार की योजनाओं का लाभ गांव में ग्रामीणों को मिलने, गांव की पेयजल समस्या, और उचित मूल्य की दुकान से सामग्री वितरण के संबंध में जानकारी भी ली। ग्राम बड़झिरी में उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की रिपेयरिंग तत्काल करवाने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए।

## मीडिया प्रतिनिधियों को दी मतदाता जागरुकता गतिविधियों की जानकारी



*हरदा। आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान होगा। इससे पूर्व शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने हरदा के मीडिया प्रतिनिधियों को जिले में मतदाता जागरूकता के लिए की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सुझाव भी मांगे। सभी मीडिया प्रतिनिधियों ने उपयोगी सुझाव दिए। सीईओ सिसोनिया ने इस अवसर पर कहा कि मीडिया से प्राप्त सभी उपयोगी सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने मतदाता जागरूकता गतिविधियों के प्रचार-प्रसार में हरदा जिले की मीडिया की सहभागिता की सराहना की। सीईओ ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया 7 अप्रैल रविवार को मीडिया व जिला प्रशासन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित होगा। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस क्रिकेट मैच में शामिल होने के लिए उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की। इस अवसर पर स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी व संगीता बिले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मीडिया की उपस्थिति में हरदा जिले के स्वीप केलेण्डर का विमोचन किया गया।*

### जांच में जुटी पुलिस

# गोबरीखेड़ा में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के बलवाड़ा के समीप ग्राम गोबरीखेड़ा के रास्ते पर केसरपाटी के युवक हीरा पिता देवा जाति चारण (30) का शव पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। शुक्रवार सुबह से घर से निकले हीरा के दोपहर तक घर नहीं पहुंचने पर जब परिजनों ने ढूंढना शुरू किया तो उसका शव घर से कुछ किलोमीटर दूर पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ था।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया है। युवक के शव का पीएम बड़वाह सिविल अस्पताल में किया गया। इस दौरान परिजन व परिचित सिविल अस्पताल पहुंचे। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक रूप से आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन मौत की वजह पीएम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। ग्रामीणों के मुताबिक एक साल पहले ही हीरा का विवाह हुआ था। हीरा सुबह बलवाड़ा दूध नापकर वापस घर लौट रहा था। घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने युवक को ढूंढना शुरू किया। जिस पर हमे युवक की बाइक गोबरी खेड़ा रास्ते के जंगल के पास खड़ी दिखी। तलाश करने पर हीरा जंगल के नाले के पास पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी लगने पर बलवाड़ा थाना प्रभारी सीएल कटारे पुलिस बल सहित घटना स्थल पर पहुंचे। इनका कहना है कि प्राथमिक तौर पर यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, इसके बावजूद पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

# समाजसेवी ने पहली बार जन्मदिन मनाया, कुछ घंटे बाद हो गई मौत

## अचानक मौत होने पर समाज जन को हो रहा आश्चर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



शहर के पहाड़सिंह पुरा निवासी रघुवंशी समाज के वरिष्ठ नारायण सिंह रघुवंशी ने गुरुवार रात 8 बजे 80 साल की उम्र में पहली बार अपना जन्मदिन मनाया। 11 बजे तक समाजजन व उनकी योग टोली के सदस्य बधाई देने आते रहे। देर रात 3 बजे बाद हार्ट अटैक आया। उन्हें बचाया नहीं जा सका। समाज जन को अचानक उनकी मौत पर आश्चर्य हो रहा है। जन्मदिन पर मनोज रघुवंशी, दिनेश रघुवंशी, मोहन रघुवंशी भी बधाई देने पहुंचे। उन्होंने बताया योग टोली को रविवार योग स्थल पर पार्टी देने का कहा था। शुक्रवार को उनका कुंदा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ, जहां वे योग किया करते थे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

### 80 की उम्र में भी फिट थे

समाज के मनोज रघुवंशी बताते हैं वे गुरुवार को स्वस्थ थे। उनकी दिनचर्या अच्छी थी। रोज सुबह हनुमान मंदिर पर मस्ती की योग टोली के साथ योग करते थे। गुरुवार को उनका जन्म दिन था। उन्होंने आज तक अपना जन्म दिन नहीं मनाया था। पहली बार टोली के साथियों ने उनके घर जाकर बाजे बजाकर व केक काटकर जन्मदिन मनाया था। जहां वे योग किया करते थे। वहीं उनका अंतिम संस्कार किया गया। टोली के साथ खुद थिरकने लगे। टोली के प्रमुख राजेश रघुवंशी, संजू ठेकेदार सहित साथी बाजे गाजे, ढोल के साथ केक ओर फूल माला लेकर उनके घर पहुंचे। मोहल्ले के लोग देखने लगे। टोली के साथ वे भी खूब नाचे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मेले हमारी संस्कृति की धरोहर : शाह



**खंडवा खालवा।** वार्षिक मेले हमारी भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं। वर्षों से धार्मिक मेले आयोजित होते आ रहे हैं। मेलों में धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप का एक अद्वितीय और दुर्लभ सामाज्यस दिखाई देता है जो और कहीं नहीं दिख पाता। यह बात मप्र के जनजाति कल्याण मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक डॉ कुंवर विजय शाह ने मेघनाथ बाबा के मेले में कही। धावड़ी मेघनाथ बाबा के मेले में पहुंचकर मंत्री विजय शाह ने पूजा अर्चना की एवं मेले का आनंद लिया। इस अवसर पर आयोजित मेले में मंत्री शाह का भव्य स्वागत हुआ। मंत्री विजय शाह के साथ मेले में संतोष सोनी, संतोष भाई तथा अन्य कार्यकर्ता साथ थे।

# कार ने मासूम को कुचला, वीडियो आया सामने बालक का टायर के नीचे आया सिर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा





खंडवा में 8 साल के मासूम को कार ने कुचल दिया। कार की टक्कर से साइकिल सवार बच्चा आगे जा गिरा। सिर के ऊपर से पहिया गुजरने से उसकी मौत हो गई। हादसा गणेश तलाई का सामने आया। घटना गुरुवार शाम की है। इसक वीडियो शुक्रवार को सामने आए। मृतक बच्चे का नाम असद (8) पिता इरशाद था। अचानक कार के सामने आ गया बच्चा वीडियो देखकर हादसे की दो वजह सामने आई है।

पहला तो यह कि बच्चा एक साइड से साइकिल दौड़ाकर अचानक कार के सामने आया। तिराहे पर ठेले खड़े होने के कारण कार चला रही लड़की ने उसे देखा ही नहीं। वो कार को तेज दौड़ा रही थी। टकराने के बाद असद उछलकर गिरा। कार का अगला टायर उसके सिर के ऊपर से गुजर जाता है। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़कर आए। उन्होंने कार को रोका। उसी कार से बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बोले आरोपी लड़की को बचाने पुलिस ले रही ठेले की आड़। सीएसपी अरविंद तोमर ने बताया कि ठेले के कारण हादसा हुआ है। असद गणेश तलाई के सरकारी स्कूल में पहली कक्षा का छात्र था। उसके पिता इरशाद ऑटो ड्राइवर है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन समस्याओं के निराकरण की मांग

**हरदा।** भारतीय किसान संघ की सिराली तहसील ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर शुक्रवार को तहसीलदार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। संगठन के तहसील मंत्री विजेश मुकाती ने कहा कि शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चने की फसल की बिक्री के लिए बनाए गए केंद्रों की दूरी को किसान के निवास से पांच किलोमीटर की दूरी से अधिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से नगर के नजदीक के वेयरहाउस को खरीदी केंद्र बनाने की मांग की है। वहीं सिराली तहसील मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी में पूर्व से नगद खाद वितरण केंद्र प्रस्तावित है जो जिला विपणन विभाग एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण अभी तक चालू नहीं हो पाया। इसके लिए संगठन विगत 1 वर्ष से भी अधिक समय से प्रयासरत है जिसे शीघ्र चालू किया जाए। वर्तमान में सिराली क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले रोलगांव के पास मचक नदी का पुल एक माह से भी अधिक समय से क्षतिग्रस्त है जिसे शीघ्र दुरुस्त कर आवागमन चालू किया जाएं। साथ ही माचक उपनहर से जुड़े किसानों को उनके हिस्से का पूरा पानी डिजाइन डिस्चार्ज के अनुसार सतत दिया जाएं। उन्होंने कहा कि यदि संगठन द्वारा बताया गया कि समय सीमा में प्रशासन द्वारा कोई संतोषजनक निराकरण नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### जिला पंचायत सीईओ ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**खंडवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक लेकर जल संरक्षण एवं विभागीय योजना के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री, ग्रा.यां.से, परियोजना अधिकारी मनरेगा तथा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास व स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

### अमृत बाल वाटिका में उन्मुक्त वातावरण में खेल कूद रहे बच्चे

# आकर्षण का केंद्र बनी टंट्या मामा की प्रतिमा इस अनुकरणीय पहल से ग्रामीणों में उत्साह





**झिरन्या।** चित्तौड़गढ़ भुसावल राष्ट्रीय मार्ग के मुंडिया में इंडियन रोबिन हुड टंट्या मामा की एक आकर्षक प्रतिमा स्थापित करने की अनुकरणीय पहल गई है। उनके जन्मदिवस 4 अप्रैल को वहां के वाशिंदों का सपना साकार हुआ है।

उम्मीद की जा रही है कि राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित होने से उक्त प्रतिमा देश प्रदेश में आकर्षण का केंद्र बनेगी। वैसे सरकार द्वारा भारी भरकम राशि व्यय कर विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। लेकिन मनरेगा की अमृत वाटिका योजना में ग्रामीण और बालक बालिकाओं को सीधे जोड़ने की पहल की जा रही है, जो अनन्य उदाहरणों में एक है। वहां के सरपंच हरदास रंधावे ने बताया कि क्षेत्र के कोठड़ा में उनके पूर्वज रहते हैं और वहां भी उनकी प्रतिमा मंदिर में स्थापित है। निमाड़ में टंट्या मामा एक जन सेवक के रूप में काफी लोकप्रिय हैं। वे अकाल के दौर में अंग्रेजों से अनाज एवं संपत्ति लूटकर गरीबों में बांट देते थे। इसी आस्था के चलते और खुले प्राकृतिक माहौल में ग्रामीणों का आकर्षण अमृत वाटिका की ओर बढ़ेगा। जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा, सहायक जिला परियोजना अधिकारी श्याम कुमार रघुवंशी, स्थानीय सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव और सहायक यंत्री शीला बिल्लौरे के मार्गदर्शन में उक्त योजना साकार हुई है। इस अमृत बाल वाटिका में मनरेगा से 200 पोधे लगाए गए हैं। जबकि 15 पंद्रहवें वित्त आयोग से 1.25 लाख की लागत से झूले, पेवर और सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग भी की गई है। इसके मूर्तिकार आष्ठा के राकेश कुशवाह हैं।

### शपथ ग्रहण के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने ग्रुप के पदाधिकारी के साथ बैठक ली

# उत्साह के साथ मनाया जाएगा महावीर जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



विकास करने का संकल्प लेकर जैन धर्म की प्रभावना, सामाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय मिशन के कार्यों में जैन सोशल ग्रुप सतत कार्य कर रहा है। जैन धर्म की यह शहर, प्रदेश, राष्ट्रीय स्तरीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय संस्था है। पीआरओ सुनील जैन एवं प्रेमांशु जैन ने बताया कि जैन सोशल ग्रुप के वरिष्ठ पदाधिकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल झामड़, शपथ अधिकारी राजेंद्र चांदमल जैन, विशेष अतिथि अनिल राखेचा, डॉ सचिन ऑचलिया, अरविंद कोठारी की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण के साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास जैन बड़जात्या ने ग्रुप के पदाधिकारी के साथ बैठक ली, जिसमें महावीर जन्ममहोत्सव कार्यक्रम करने हेतु चर्चा, वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं सुझाव एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की गई। सकल जैन समाज की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने नई टीम को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की। विशेष अतिथि अनिल राखेजा का परिचय मनोनीत पूर्व अध्यक्ष सुधांशु जैन ने दिया। शपथ लेने वालो में मुख्य रूप से विकास लीना बड़जात्या अध्यक्ष, संकल्प प्रज्ञा जैन सचिव, अंकित प्रियंका जैन कोषाध्यक्ष, मिलन वैशाली जैन, सिद्धार्थ सोनल मेहता उपाध्यक्ष, आनंद करिश्मा जैन, नीतीश ज्योति सेठी सह कोषाध्यक्ष, अंकित सारिका बड़जात्या सह सचिव, विकास सीमा पाटनी संयुक्त सचिव, विशाल शीतल जैन सह सांस्कृतिक सचिव एवं सुनील ममता जैन, प्रेमांशु अंशुमा जैन को पीआरओ के रूप में शपथ अधिकारी राजेन्द्र चांदमल जैन ने शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास लीना बड़जात्या ने अपने संबोधन में कहा कि जैन सोशल ग्रुप खंडवा जैन समाज के सभी घटकों का एक सबसे मजबूत संघठन हैं, इसका दायित्व लेना भी मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है ,हमारे ग्रुप का सदा प्रयास रहा है की ग्रुप एवम समाज की आवश्यकता अनुसार जो भी कार्य हमें दिया जाता हैं। उससे पूर्ण करना अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सफलता पूर्वक निर्वहन करते हैं।

विगत 28 वर्षों से सामूहिक रूप से आयोजित होने वाले महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव इसका एक सशक्त उदाहरण है। साथ ही पूर्व अध्यक्ष सुधांशु जैन के कार्यकाल में हमारी टीम ने सकल समाज का सामूहिक क्षमा वाणी कार्यक्रम भी आयोजन करके ग्रुप की क्षमता से पूरे समाज को अवगत कराया। आगे भी मेरा पूर्ण प्रयास रहेगा की ग्रुप द्वारा प्रदान किये गए पद और दायित्व को आप सभी के सहयोग से अच्छी तरह पूर्ण कर्तव्य से निर्वहन करुगां। आप सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से मैं आपको पूर्ण विश्वास दिलाता हूं की ग्रुप की आवश्कता एवम आप सभी सदस्यों की अपेक्षा पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा और ग्रुप को नयी ऊचाई प्रदान करूंगा।

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ हुई आयोजित



**हरदा।** जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह घंटाघर चौराहे से मैराथन दौड़ प्रारंभ हुई, जो कि नेहरू स्टेडियम पर जाकर संपन्न हुई। मैराथन दौड़ को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी के अलावा हरदा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलवान सिंह मवासे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और विद्यार्थीगण भी मौजूद थे। मैराथन दौड़ के संपन्न होने पर जिला पंचायत के सीईओ ने प्रथम 15 विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों को आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने की शपथ भी दिलाई।